हिन्दू युवती निकिता तोमर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### लव जिहाद का पुतला फूंककर जताया विरोध

**संवाददाता** देहरादून। हरियाणा के बल्लभगढ़ की हिन्दू युवती निकिता तोमर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे और जहां पर कार्यकर्ताओं ने उग्र नारेबाजी करते हुए लव जिहाद का पूतला फूंक कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। यहां भैंरव सेना के दर्जनों कार्यकर्ता विभाग सचिव करण शर्मा के नेतृत्व में लैंसडाउन चौक पहुंचे और वहां पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जव जिहाद का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज किया। इस दौरान भैंरव सेना संगठन के अध्यक्ष संदीप ने कहा की इस समय सिर्फ हरियाणा ही नहीं बल्कि कई राज्यों में लव जिहाद की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं।

### निदेशालय में अवकाश के दिन क्रमिक अनशन पर प्रशिक्षित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से द्विवर्षीय डीएलएड बीटीसी प्रशिक्षितों का धरना 33वें दिन शिक्षा निदेशालय देहरादून में जारी रहा और अवकाश होने के बावजूद प्रशिक्षितों क्रमिक अनशन भी जारी रहा क्रमिक अनशन पवन मंसूरी ,चमोली से हिमांशु ,अमित कृषाली तथा पिथौरागढ़ से मनीष जोशी बैठे। प्रशिक्षितों का कहना है कि हम दिन रात अपनी जायज मांग को लेकर निदेशालय में धरना दे रहे हैं।

### समस्याओं के समाधान को आंदोलनकारियों को सत्याग्रह

देहरादून। प्रदेश में लोकायुक्त का गठन किये जाने सहित आंदोलनकारियों की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार के खिलाफ राजधानी में सत्याग्रह किया गया और इसके माध्यम से कहा गया है कि जल्द ही एक बड़ा आंदोलन किया जायेगा। आंदोलनकारियों ने कहा कि आज के परिवेश में राज्य में लोकायुक्त की जरूरत है।

### सहकारी बैंक को डुबोने में लगे नेताओं और अफसरों के खिलाफ मुखर हुआ उक्रांद

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के विशेष आमंत्रित सदस्य शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा है कि दल ने उत्तराखंड के सहकारी बैंकों को डुबोने में लगे हुए नेताओं और अफसरों के खिलाफ हुंकार भरी है। उत्तराखंड क्रांति दल ने सहकारी बैंकों द्वारा विवादास्पद जमीनों को लोन देने तथा नियुक्तियों में रिश्वत लेने के साथ ही ऋण वितरण करने के लिए मोटी रकम लिए जाने पर नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। दल के केन्द्रीय कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के विशेष आमंत्रित सदस्य शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि लंबे समय से भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जांचें फाइलों में ही दब कर रह गई है तथा अधिकारी कर्मचारी या तो रिटायर हो गए हैं अथवा रिटायर होने की कगार पर हैं।

# सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ रच रहे षड़यंत्र

**पलटवार**

■ भाजपा ने साधा कांग्रेस पर निशाना

**संवाददाता**

देहरादून। भाजपा ने एकबार फिर से कांग्रेस पर निशाना साधा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ षड़यंत्र रचा जा रहा है। महानगर प्रवक्ता खजानदास ने कहा कि त्रिवेंद्र सरकार की गठन के बाद से ही उत्तराखंड को भ्रष्टाचार और दलाली के चारागाह के रुप में देखने वाली प्रवति के लोगों के दिमाग में सिलवटे आनी शुरू हो गई थी। अपनी जड़ों को उखड़ता देख वे लगातार नए–नए हथकंडे अपनाते रहे, लेकिन वे कभी सफल नहीं हुए।

महानगर भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई। पार्टी प्रवक्ता खजानदास कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेसी और षड़यंत्रकारी कहीं मुंह दिखाने लायक नही रह गए है। मैं और पूरी पार्टी कोर्ट के फैसले का स्वागत करती है। षड़यंत्रकारियों के मुंह पर एक तमाचा है।



उन्होंने कहा, उत्तराखंड और देश के अधिकतम हिस्सों से अपनी सत्ता गंवा चुकी कांग्रेस के पास बौखलाने और तिलमिलाने के सिवा कोई चारा नही रह गया है। गमलों में करोड़ो की सब्जी उगाने वाले और देश के शहीदों का अपमान करने वाली कांग्रेस, जिनके अधिकतम नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में जमानत पर चल रहे हैं के मुंह से सीएम त्रिवेंद्र जैसे ईमानदार व्यक्ति के खिलाफ इस्तीफे की बातें शोभा नहीं देती है।

कांग्रेस के राजभवन घेरने का कदम पार्टी की अत्यधिक राजनीतिक महत्वकांक्षाओं से और अधिक कुछ नहीं है। खजानदास ने कहा कि मैं कांग्रेस को साफ कहना चाहता हूं कि देश में नरेंद्र और त्रिवेंद्र सरकार के रहते हुए उनके कोई भी षड़यंत्र सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा, सीएम रावत के बहुमुखी विकास हो रहा है।

**फ्रंटफुट पर त्रिवेंद्र, कांग्रेस पर पलटवारः** हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से स्थ्टे मिलने के बाद मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत अब फ्रंटफुट पर उतर आए हैं। हाईकोर्ट के फैसले को लेकर उनकी जीरो टॉलरेंस नीति पर सवाल उठाने वालों को निशाने पर लेते हुए उन्ह्होंने कहा कि पद संभालने के दिन भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का वादा किया था। पिछले साढ़े तीन साल यही किया और पांच साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर भी इस पर कायम रहेंगे। वह कांग्रेस महासचिव हरीश रावत को भी कठघरे में खड़ा करने से नहीं चूके।

इंटरनेट मीडिया में मुख्यमंत्री के खिलाफ पोस्ट्ट के मामले में नैनीताल हाईकोर्ट के सीबीआइ जांच के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थगनादेश दे दिए जाने के बाद पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन साढ़े तीन सालों में तमाम तरह के षड़यंत्र हुए। माफिया और भ्रष्टाचारी तत्व इकट्ठा होकर हमला करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जिस नीति पर हम चलते रहे हैं, उस पर पूरी तरह अडिग हैं। उन्होंने कहा कि कोई हमें हमारे रास्ते से अलग नहीं कर सकता।

हाईकोर्ट का फैसला आने पर कांग्रेस ने इसे लपकते हुए सियासी मुद्दा बना दिया। यहां तक कि सरकार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर राजभवन कूच तक कर दिया। अब मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कांग्रेस पर पलटवार किया है।

### जब उनका स्टिंग हुआ था, तब यह व्यक्ति ब्लैकमेलर और स्टिंगबाज था

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वह उनसे पूछना चाहते हैं कि जब उनका स्टिंग हुआ था, तब यह व्यक्ति ब्लैकमेलर और स्टिंगबाज था। आज हरीश रावत की उससे क्या दोस्ती हो गई। उसका भी तो कुछ रहस्य खोलो। रहस्य को दबाए मत रखिए, अन्यथा जनता पूरा रहस्य खोल देगी।

# फ्रांस के राष्ट्रपति का पुतला फूंका

**मांग**

■ फ्रांस के प्रोडक्ट को प्रतिबंधित करने की मांग की

देहरादून। **संवाददाता**

आजाद ग्रुप के संस्थापक आसिफ कुरैशी के नेतृत्व में ग्रुप के सदस्यों ने फ्रांस के राष्ट्रपति का पुतला फूंका और देश के राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से फ्रांस के प्रोडक्ट को प्रतिबंधित करने की मांग की। यहां ग्रुप के कार्यकर्ता लैंसडाउन चौक पर इकटठा हुए और वहां पर फ्रांस के राष्ट्रपति के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंककर विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारत देश के राष्ट्रपति से अन्य गुजारिश भी की है कि फ्रांस में नबी की शान में गुस्ताखी करने वाले व्यक्ति की एक व्यक्ति द्वारा गर्दन काटे जाने पर जिस तरीके से फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा अपराध करने वाले व्यक्ति को सहयोग और संरक्षण दिया जा रहा है वह किसी भी हाल में सहनीय नहीं है।



वक्ताओं ने कहा कि क्योंकि देश दुनिया का जो मुसलमान है वह नबी की शान में गुस्ताखी को किसी हाल भी बर्दाश्त नहीं कर सकता है और जिस तरीके से देशवासियों ने पूरे देश में जब हमारे देश में घुसपैठ करने की कोशिश चाइना द्वारा की गई हमने उनको हर तरीके से उनका बॉय कॉट किया हर तरीके से उनको विरोध किया उनके प्रोडक्ट्स का विरोध किया है। इसी तरीके से हम देशवासी आज अपने देश के राष्ट्रपति को जिला दून प्रशासन के माध्यम से यह ज्ञापन भेजकर आग्रह करते हैं कि फ्रांस के किसी भी प्रोडक्ट को देश में व्यापार करने की अनुमति न दी जाए और जो प्रोडक्ट अभी तक देश में बेचे जा रहे हैं या उनकी जिस तरीके से भी अभी तक लेनदेन किया जा रहा है उस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

वक्ताओं ने कहा कि क्योंकि देश और दुनिया में भाईचारा बना रहे और हमारी देश के राष्ट्रपति से यह भी गुजारिश है कि किसी भी देवी देवता या किसी भी धर्म के पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी करने वाले को किसी भी हाल में बख्शा न जाए उस को कड़ी से कड़ी सजा के तहत जेल में डाला जाए।

### मुख्यमंत्री ने निशानेबाज अमित कुमार को सम्मानित किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में निशानेबाज अमित कुमार को सम्मानित किया। भानियावाला के अमित ने दिसम्बर 2019 में भोपाल, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय शूटिंग चौंपियनशिप में 02 रजत एवं एक कांस्य पदक हांसिल किया। मुख्यमंत्री ने अमित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। निशानेबाज अमित ने भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय चौंपियनशिप में 25 मी.पिस्टल जूनियर मैन सिविलियन टीम चौंपियनशिप एवं 25 मी. सेंटर फायर पिस्टल मैन सिविलियन टीम चौंपियनशिप में रजत पदक एवं 25 मी0 पिस्टल जूनियर मैन सिविलियन चौंपियनशिप व्यक्तिगत में कांस्य पदक हांसिल किया। इससे पूर्व उन्होंने 2018 में नार्थ जोन शूटिंग चौंपियनशिप 2018 में स्वर्ण पदक जीता था।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।